# मौतों से नहीं छुप सकती सरकार - प्रियंका

## ऑपरेशन सिंदूर पर बहस : प्रियंका गांधी बोली- ऑपरेशन हो या मेडल, जवाबदेही भी जरूरी

- लोकसभा में बयानबाजी से गरमाया माहौल, नड्डा भड़के



**नईदिल्ली, 29 जुलाई. लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरे दिन बहस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाषण दिया.**

प्रियंका गांधी ने कहा मेरे मां के आंसू तब गिरे जब उनके पति को आतंकवादियों ने शहिद किया जब वो मात्र 44 साल की थी...और आज अगर मैं इस सदन में खड़ी हूं और उन 26 लोगों की बात कर रही हूं मैं इसलिए कर रहीं हूं क्योंकि मैं उन 26 लोगों का दर्द जानती हूं... प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसद सत्ता पक्ष के लोगों ने 2008 के मुंबई हमले को लेकर मनमोहन सिंह को लेकर जिक्र किया...ये तो जानकारी होगी ना तभी उन आतंकवादीयों को मार डाला था और एक बचा था और उसको भी फांसी दे दी थी. जो 25 भारतीय मारे गए उनके लिए कोई सुरक्षा नहीं थी. आप कितने भी ऑपरेशन कर लें आप इस सच्चाई की पीछे नहीं छुप सकते. 22 अप्रैल 2025 को जब 26 देशवासियों को खुलेआम मारा गया, तो ये हमला कैसे और क्यों हुआ?

### खरगे के बयान पर भड़के नड्डा, फिर मांगी माफी



राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं के बीच तीखी बहस देखने को मिली. जेपी नड्डा ने कहा कि खरगे बहुत सीनियर नेता हैं, लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री के बारे में टिप्पणी की वह दुखद था। उन्होंने कहा, मैं उनकी पीड़ा समझ सकता हूं. जेपी नड्डा की टिप्पणी पर जवाब देते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, राज्यसभा में कुछ नेताओं के प्रति मेरे मन में गहरा सम्मान है और नड्डा जी उनमें से एक हैं. वे और राजनाथ सिंह ऐसे मंत्री हैं जो संतुलन के साथ बात करते हैं, लेकिन आज जो बात नड्डा जी ने कही, वह शर्मनाक है. उन्हें माफी मांगनी चाहिए. इस पर जेपी नड्डा ने खरगे के प्रति सम्मान जताते हुए कहा, हम नेता प्रतिपक्ष का सम्मान करते हैं और मैंने अपने शब्द वापस ले लिए हैं. अगर आपको ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं.

# न्यूयॉर्क पहुंचे ताइवान राष्ट्रपति लाई चिंग, चीन ने जताया विरोध

**चीन के दबाव के बीच अमेरिका ने ताइवान राष्ट्रपति के न्यूयॉर्क प्रवास पर लगाई रोक**



**वाशिंगटन, 29 जुलाई. अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने चीन की आपत्तियों के चलते ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की अगस्त में पराग्वे, ग्वाटेमाला और बेलीज़ की प्रस्तावित यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में उन्हें रुकने की अनुमति नहीं दी है.**

यह जानकारी सोमवार को फ़ाइनेंशियल टाइम्स अख़बार ने तीन सूत्रों के हवाले से दी. कई सूत्रों ने अखबार को बताया कि ट्रम्प प्रशासन चीन के साथ व्यापार वार्ता को जोखिम में डालने से बचना चाहता था। हालाँकि, न्यूज़ नेशंस ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि कुछ भी रद्द नहीं किया गया है। अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्ष स्थिति को सुधारने के लिए काम कर रहे हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री लाई डलास में रुकने वाले थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका ने केवल न्यूयॉर्क यात्रा पर रोक लगाई है या देश से होकर उनके आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि व्हाइट हाउस ने टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया.

# 'कोर्ट में एआई से जनरेट फर्जी फैसले'

**सुप्रीम कोर्ट जज बोले-युवा वकील इससे सावधान रहें**

**ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन का कार्यक्रम**

**नई दिल्ली, 29 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील आई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं.**

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं. कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर द्ध ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है. जस्टिस बिंदल ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस चंदुरकर का सम्मान किया गया. मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे. जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है.



जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है. इससे पहले 20 जुलाई को केरल हाईकोर्ट ने अदालतों को निर्देश दिया कि ऑर्डर जारी करते समय चैट जीटीपी जैसे क्लाउड बेस्ड एआई का इस्तेमाल न करें. उसमें गलतियां हो सकती हैं। यह आदेश अदालतों के स्टॉफ के लिए जारी किया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर एआई का यूज करना है तो इसके लिए ट्रेनिंग लें.

## 65 लाख वोटरों की चिंता पर कोर्ट सख्त

**नईदिल्ली, 29 जुलाई.** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया. पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं. भूषण ने कहा कि इससे उन मतदाताओं के मतदान के अधिकार से वंचित होने की आशंका है.

# हनी ट्रैप केस : राज्यपाल को सौंपे सबूत

- महाराष्ट्र में शिवसेना (यूटीबी) ने की शिकायत

**मुंबई, 28 जुलाई. पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेताओं ने सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की और हनी ट्रैप मामले से जुड़े सबूत सौंपे तथा इसमें शामिल मंत्रियों को कैबिनेट से हटाने की मांग की.**



शिवसेना (यूटीबी) के नेता अनिल परब ने गृह राज्य मंत्री योगेश कदम, सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट के साथ-साथ हनी ट्रैप से जुड़े कई दस्तावेज और सबूत महाराष्ट्र के राज्यपाल को सौंपे।सुषमा अंधारे ने कहा, हमने मंत्री नितेश राणे और संदीपन भुमरे के बारे में भी शिकायत की है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय गायकवाड़ मारपीट मामले और विधानमंडल में गैंगवार ने विधानमंडल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया है। राज्यपाल ने कहा कि वह स्थिति से अवगत हैं और महाराष्ट्र की गरिमा बनाए रखना उनका कर्तव्य है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, मैं इस मामले पर मुख्यमंत्री से चर्चा करूंगी. बताया जा रहा है कि शिवसेना के नेताओं को हनीट्रैप के जाल में उलझाने के लिए हिडन कैमरे और पेगासस जैसे टूल का इस्तेमाल किया गया. हनीट्रैप के सबूत पेनड्राइव में थे, जो एकनाथ शिंदे को दी गई. इसके बाद शिवसेना विधायक शिंदे के समर्थन में चले गए. इसके बाद शिंदे विधायकों के लेकर सूरत, गोवा व गुवाहाटी चले गए.

सामना में कहा गया है कि बीजेपी के पास 'हनीट्रैप' करने की एक प्रणाली थी और यहां तक कि पुलिसकर्मी भी विपक्ष पर निगरानी रखते थे. जब शिवसेना के सांसदों और विधायकों से जुड़े 'हनीट्रैप' के सबूतों से भरी एक पेन ड्राइव एकनाथ शिंदे को सौंपी गई, तो वे सूरत, गुवाहाटी और फिर गोवा की यात्रा पर निकल पड़े. सामना में कहा गया है कि शुरुआत में शिंदे के पास संख्याबल कम था और उस समय उनके पास केवल 9 या 10 विधायकों का समर्थन था.

## एक नजर में



### चीन में भारी बारिश से कई लोगों की मौत

**बीजिंग, 29 जुलाई.** चीन की राजधानी बीजिंग में भारी बारिश और तूफान से पिछले 24 घंटों के दौरान 30 लोगों की मौत हो गई. बीजिंग नगर निगम के बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सोमवार आधी रात तक आयी भारी बारिश और तूफ़ान में 30 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 28 लोग राजधानी के उत्तरी पर्वतीय ज़िले मियुन में बारिश जनित घटनाओं में काल के गाल में समा गये और दो लोगों की मौत यानकिंग में हुई. स्थानीय अधिकारियों के अनुसार शहर भर में कुल 80,332 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा गया है. सबसे ज़्यादा बारिश मियुन में 543.4 मिमी दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि भारी बारिश से 31 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी और 136 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई. बीजिंग नगरपालिका बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने अपने शहरव्यापी बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र के उच्चतम स्तर को सक्रिय कर दिया. अधिकारियों ने जनता को तेज़ बहाव वाली नदियों से दूर रहने की चेतावनी दी है.

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया को कहा दुश्मन

**सियोल, 29 जुलाई.** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने सीमा पर तनाव कम करने के लिए दक्षिण कोरिया के हाल ही में उठाए कदमों के बावजूद कहा है कि यह देश उनके मुल्क का शत्रु बना हुआ है. किम को उत्तर कोरिया में ताकतवर शख्सियत के रुप में देखा जाता है. संवाद समिति 'केसीएनए' के कल जारी एक बयान में किम ने कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत में कोई दिलचस्पी नही है, चाहे कोई भी प्रस्ताव पेश किया जाए.

### जीतकर बेटियों ने बताई भारत की ताकत - केजरी



**नईदिल्ली, 29 जुलाई.** वुमन्स वर्ल्ड कप 2025 के फ़ाइनल में दो भारतीय बेटियां, कोनेरू हम्पी और 19 वर्षीय दिव्या देशमुख आमने-सामने रहीं. दिव्या देशमुख ने यह प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास रचा और वो शतरंज वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं. इस शानदार प्रदर्शन के लिए उनको और सभी देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं. कोनेरू हम्पी को भी शानदार प्रदर्शन के लिए सलाम. यह सिर्फ़ एक जीत नहीं, ये भारत की बेटियों की ताक़त है.

# 'लाडकी बहन' योजना में घोटाला- सुले

- सांसद सुप्रिया ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, जांच की मांग



**मुंबई, 29 जुलाई. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा-एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र सरकार पर 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन' कल्याण योजना में 4,800 करोड़ रुपये के घोटाले का गंभीर आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की है.**

एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं. इसके बाद राजनीति तेज हो गई है. उन्होंने दावा किया कि इस योजना के तहत लगभग 14,000 पुरुषों को गलत तरीके से लाभ मिला है. सुप्रिया सुले ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है. उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला दिया, और बताया कि अगस्त 2024 में शुरू की गई इस योजना के लाभार्थियों की सूची में 14 हजार पुरुष शामिल हैं.

सुले ने एक संवाददाता सम्मेलन में आवेदकों के लिए आधार और बैंक विवरण अनिवार्य होने के बावजूद लाभार्थियों के सत्यापन में विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा शुरुआत में मंजूरी मिलने के बाद लगभग 26.54 लाख महिलाओं को अयोग्य कैसे घोषित कर दिया गया? फिर महिलाओं के लिए विशेष रूप से निर्धारित धनराशि पुरुषों के बैंक खातों में कैसे जमा की गयी? उन्होंने पूछा यह योजना पिछली सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले शुरू की थी. अगर उन आवेदनों को तब मंजूरी मिल गई थी तो अब अचानक इतनी सारी महिलाएँ कैसे 'अपात्र' हो गईं? सिर्फ़ महिलाओं के लिए बनी इस योजना में पुरुष नामों से आवेदन कैसे मंजूर हो गए? क्या यह साफ़ तौर पर भ्रष्टाचार नहीं है?

## आज का इतिहास

1014 बीजान्टिन-बुल्गारियाई युद्धों बुल्गारिया के पास पर्वतों की सेना पर हमला कर दिया

1148 दमिश्क की घेराबंदी एक निर्णायक क्रूसेडर की हार में समाप्त हुई

1655 नीदरलैंड के एम्सटर्डम में विश्व का सबसे बड़ा टाउनहाल खुला

1786 पहला अख़बार पश्चिम के एललेघनी, पिट्स गैजेट में प्रकाशित हुआ

1836 पेरिस में क्रांतिकारी और नेपोलियन युद्धों में फ्रांस के लिए लड़ने वालों की स्मृति में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया था।



# तकनीकी और भू-तकनीकी चुनौतियों पर विचार-मंथन

- डब्ल्यूसीएल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन
- सैटेलाइट आधारित स्लोप मॉनिटरिंग पर प्रस्तुति दी

**नागपुर, 29 जुलाई, तकनीकी संवाद, ज्ञान-विनिमय तथा उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डब्लूसीएल वी एनआईटी नागपुर के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय ने संयुक्त रूप से सुरक्षित तथा स्मार्ट माइनिंग प्रैक्टिसेज़ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया.**


कार्यक्रम में डब्लूसीएल वी एन आईटी तथा डीजीम एसके वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने मिलकर खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख तकनीकी एवं भू-तकनीकी चुनौतियों पर गहन विचार-मंथन किया. कार्यशाला में ओपन कास्ट खदानों की स्लोप डिजाईन, निगरानी तथा दीर्घकालिक भू-तकनीकी सुरक्षा बेंचों तथा डंप ढलानों की स्थिरता और पेस्ट-फिलिंगतकनीक की भूमिका से संबंधित ग्राउंड कंट्रोल पर विशेष ध्यान के साथ पेस्ट-फिलिंग तकनीक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए. इस दौरान सैटेलाइट आधारित स्लोप मॉनिटरिंग पर एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई.कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में डब्लू सी एल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जय प्रकाश द्विवेदी, खान सुरक्षा महा निदेशालय के उप महानिदेशक, पश्चिमी क्षेत्र रामावतार मीणा, वी एन आई टी नागपुर के निदेशक पी. एल. पटेल ने अपने विचार साझा किए.

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस समारोह में डब्लू सी एल के निदेशक तकनीकी (संचालन) अनिल कुमार सिंह, निदेशक तकनीकी (योज.एवं परि.) आनंद प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद के खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर रीजन- अल्ताफ हुसैन अंसारी, खान सुरक्षा निदेशक, पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर आफ़ताब अहमद, खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर रीजन, नागपुर प्रफुल्ल रंजन ठाकुर, खान सुरक्षा निदेशक, नागपुर दुर्गा शंकर साल्वी, संकाय सदस्य, वीएनआईटी नागपुर आरआर येरपुडे, प्रमुख, खनन अभियांत्रिकी विभाग वीएनआईटी डॉ.एके अग्रवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# ट्रम्प ने पुतिन को दिया नया युद्धविराम अल्टीमेटम

**युद्ध न करने की सहमत के लिए रूस को दी समय सीमा**



**लंदन, 29 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमत होने के लिए रूस को 10 या 12 दिन की एक नयी, छोटी समय सीमा दी है. यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की ने इस अवधि को बेहद महत्वपूर्ण बताया है.**

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अब और इंतज़ार करने का कोई कारण नहीं है क्योंकि शांति की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुयी है. विदित हो कि दो सप्ताह पहले ट्रम्प ने कहा था कि राष्ट्रपति पुतिन के पास युद्ध समाप्त करने के लिए 50 दिन हैं, अन्यथा रूस को कड़े आयात शुल्कों का सामना करना पड़ेगा. कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने यूक्रेन में चल रही गतिविधियों पर फिर से अपनी असहमति जताते हुए कहा कि उन्हें अब बातचीत में कोई दिलचस्पी नहीं है. सोमवार के ताज़ा घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए रूसी सांसद आंद्रेई गुरुल्योव ने कहा है कि ट्रम्प के अल्टीमेटम अब काम नहीं कर रहे.

ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जताते हुए एक बार फिर दोहराया है 'मैं पुतिन से बहुत निराश हूं. मैंने पहले 50 दिन का समय दिया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं दिख रही. इसलिए अब मैं 10-12 दिन की नई समय सीमा तय कर रहा हूं. इस इंतजार का कोई कारण नहीं है.' ट्रंप का ये बयान सिर्फ रूस के लिए भारत और चीन जैसे देशों के लिए भी धमकी है, जो रूस से ऊर्जा व्यापार करते हैं. क्रमलिन की ओर से इस पर फिलहाल तो जवाब नहीं आया है.

**प्रश्नकाल** — लोकसभा में केंद्रीय मंत्री चौहान ने दी देश में समग्र कृषि विकास की जानकारी

# उर्वरकों पर 2 लाख करोड़ सब्सिडी दे रही सरकार

**नईदिल्ली, 29 जुलाई. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान, देश में समग्र कृषि विकास की तथ्यों व आंकड़ों सहित जानकारी दी.**



सिंह ने बताया कि शिवराज सिंह ने कहा कि लगभग 2 लाख करोड़ रुपए उर्वरकों पर सब्सिडी मोदी सरकार दे रही है. जब यूपीए की सरकार थी, तब केसीसी और बाकी संस्थागत लोन जो मिलता था, वो सिर्फ 7 लाख करोड़ रु. था, अब 25 लाख करोड़ रु. लोन मिल रहा है. फसल बीमा योजना में एनडीए सरकार ने 35 हज़ार करोड़ रु. प्रीमियम के मुक़ाबले 1 लाख 83 हज़ार करोड़ रु. क्लेम किसानों के खाते में डालने का काम किया है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने का अभियान निरंतर जारी है. सिंह ने कहा कि हमने छह उपाय किए हैं. पहला- सरकार ने उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है. दूसरा- आय बढ़ाने के लिए लागत घटे.तीसरा- उत्पादन के ठीक दाम मिलें.

चौथा- नुक़सान हो जाएं तो उसकी भरपाई करें. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में फसलों का उत्पादन 246.42 मिलियन टन से बढ़कर अब 353.96 मिलियन टन हो गया है. दलहन उत्पादन 16.38 मिलियन टन से बढ़कर 25.24 मिलियन टन हो गया, वहीं तिलहन उत्पादन, 27.51 मिलियन टन से बढ़कर 42.61 मिलियन टन हो गया है.

सिंह ने बताया कि बागवानी उत्पादन 280.70 मिलियन टन से बढ़कर 367.72 मिलियन टन हो गया है. उन्होंने कहा कि किसान ही दूध का उत्पादन करता है. चौहान ने कहा कि जहां तक किसानों की आय का सवाल है, मैं दावे के साथ कहता हूं कि कई किसानों की आय दोगुनी से भी ज़्यादा हो गई है. जब यूपीए सरकार थी, तब केवल 27 हज़ार करोड़ रु. कृषि बजट था, जो अब 1 लाख 27 हज़ार करोड़ रुपए है.

## प्रलय मिसाइल के सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली,24 जुलाई.** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किये हैं. रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किये गये. ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा. सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया.

# स्वच्छता में छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में

- देशभर के 4,566 शहरों के बीच बनाई जगह

**रायपुर, 29 जुलाई. केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है.**

स्वच्छता के इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के 4,566 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में शामिल हुए हैं जो कि पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है जब केवल 16 शहर टॉप-100 में आ पाए थे. राज्य के नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है कि इस बार सर्वेक्षण में शामिल 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है. 16राज्य के 62 नगरीय निकायों ने गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में अपना दर्जा बढ़ाया है, जबकि सिंगल, थ्री और फाइव स्टार प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 71 से बढ़कर अब 114 हो गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने इस बार फाइव स्टार से बढ़कर सेवन स्टार की सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की है. रायपुर को गारबेज-फ्री सिटी श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, साथ ही स्वच्छता में उसे वाटर प्लस शहर का दर्जा भी मिला है.

## गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा अमेरिका

**लंदन,24 जुलाई.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फिलिस्तीनियों की मदद के लिए वहा खाद्य केंद्र खोलेगा. ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है. दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया. दोनों नेताओं ने गाजा में बड़े पैमाने पर और तीव्र गति से सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर चर्चा की और शेष बंधकों की रिहाई के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की.